Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 27 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 330

## महत्वपूर्ण एवं खास

### थाईलैंड में बाढ़ और भूस्खलन से 22 लोगों की मौत

**बैंकॉक ।** थाईलैंड में 16 अगस्त से अब तक बाढ़ और भूस्खलन से 22 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए हैं तथा 13 प्रांतों में 30 हजार 900 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आपदा निवारण विभाग ने एक बयान में कहा कि अधिकारी भारी मानसूनी बारिश के कारण आए बाढ़ के पानी को निकालने और दक्षिण पूर्व एशियाई देश के पांच उत्तरी प्रांतों में शेष प्रभावित 737 गांवों को राहत प्रदान करने के प्रयास तेज कर रहे हैं। एजेंसी ने देश भर के 31 प्रांतों के निवासियों को गुरुवार तक अचानक बाढ़, वनों से जल का बहाव और तेज हवाओं के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी है। साथ ही अधिकारियों को स्थिति की बारीकी से निगरानी करने और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में तैनात होने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों और मशीनरी को इन क्षेत्रों तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

### रूस में 9/11 जैसा हमला, यूक्रेन ने सारातोव में सबसे ऊंची बिल्डिंग को बनाया निशाना

**मॉस्को ।** 26 अगस्त को यूक्रेन ने रूस पर बड़ा हमला किया। इस बार यूक्रेनी सेना ने रूस के सारातोव की सबसे ऊंची बिल्डिंग को अपना निशाना बनाया और 20 ड्रोन दागे। इनमें से यूक्रेन की सेना का एक ड्रोन सारातोव की एक रिहाइशी इमारत से टकराया। बताया जा रहा है इस बड़े हमले में आधी बिल्डिंग को क्षतिग्रस्त हो गई और एक महिला इस हमले में बुरी तरह से घायल हो गई। इसकी जानकारी क्षेत्रीय गवर्नर ने दी। यह हमला अमेरिका में 9/11 जैसे हमले जैसा था। सारातोव के गवर्नर रोमन बुसर्गिन ने बताया कि ड्रोन के मलबे से रूस के सारातोव शहर में एक घर भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इससे पहले गवर्नर ने कहा था कि इमरजेंसी सर्विस राजधानी मॉस्को से कई सौ किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित क्षेत्र के प्रमुख शहरों, सारातोव और एंगेल्स में प्रभावित क्षेत्रों में बंद कर दी गई हैं। यूक्रेन ने शुरुआती 20 ड्रोन से हमला किया था, सबसे ज्यादा 9 सारातोव में दागे थे। इसके अलावा कुर्स्क के ऊपर 3, बेलगोरोड ओब्लास्ट पर 2, ब्रांस्क के ऊपर 2, ओवर तुलस्काया पर 2, ओवर ओर्लोव्स्काया पर 1 और रियाजान क्षेत्र में भी एक 1 ड्रोन दागा गया था। रूस के पास एंगेल्स में एक रणनीतिक मास्को बोम्बर मिलिट्री बेस है, जिस पर साल फरवरी 2022 के बाद यूक्रेन ने कई बार हमला किया है। हालांकि बेस पर इस हमले में अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है, जो यूक्रेन की सीमा से कई सौ किलोमीटर दूर है।

### ईरान, सऊदी अरब ने द्विपक्षीय संबंध, क्षेत्रीय मुद्दों पर की चर्चा

**तेहरान ।** ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद से फोन पर बात की। दोनों के बीच द्विपक्षीय संबंध, क्षेत्रीय मुद्दे पर बात हुई। बता दें कि हाल ही में ईरान में विदेश मंत्री के तौर पर अराघची को नियुक्त किया गया है। वो संसद में विश्वास मत जीतकर विदेश मंत्री बने थे। अराघची को विदेश मंत्री नियुक्त होने पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी बधाई दी थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा था, ईरान के विदेश मंत्री के रूप में नियुक्ति पर सईद अब्बास अरागची को बधाई। उन्होंने कहा कि आपके साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तत्पर हूं। ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि टेलीफोन पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री के साथ बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने गाजा के मौजूदा हालात, इजरायली सेना का आक्रमण और पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चर्चा की। साथ ही फिलिस्तीनी तटीय क्षेत्र में मानवीय सहायता की आपूर्ति सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि द्विपक्षीय संबंध सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच निरंतर परामर्श का भी आग्रह किया और कहा है कि इस तरह की बातचीत द्विपक्षीय और क्षेत्रीय हितों दोनों के साथ मेल खाती है। अप्रैल 2023 में ईरान और सऊदी अरब ने वर्षों के मनमुटाव के बाद बीजिंग में राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करने की घोषणा की थी।

# चुनाव से पहले मोदी सरकार का बड़ा फैसला, लद्दाख में 5 नए जिले बनाने का ऐलान

**नई दिल्ली । आरएनएस**



केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में केंद्र सरकार पांच नए जिले बनाएगी। इस बात की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स से एक पोस्ट शेयर किया। अमित शाह ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के दृष्टिकोण के तहत गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश में पांच नए जिले बनाने का निर्णय लिया है।

अमित शाह ने पोस्ट के माध्यम से पांच नए जिलों के नाम भी बताए। जिसमें ज़ांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग शामिल हैं। अमित शाह ने कहा, हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत कर लोगों के लिए लाभ को उनके दरवाजे तक पहुंचाएंगे। मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए प्रचुर अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि साल 2019 से पहले लद्दाख जम्मू-कश्मीर का हिस्सा था। लेकिन, 2019 में परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर से अलग होकर लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना। यहां दो जिले हैं, लेह और कारगिल।

साल 2019 में केंद्र की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म किया था। इस आर्टिकल के रहने से जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। लेकिन, लोकसभा, राज्यसभा में आर्टिकल 370 के खत्म होने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर बांटा गया।

ज्ञात हो कि हाल ही में भारतीय चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। यहां आर्टिकल 370 खत्म होने के बाद पहली बार विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा की है। 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 4 अक्टूबर को होगी।

चुनाव आयोग के मुताबिक, जम्मू और कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्रों में 87.09 लाख मतदाता हैं, जिनमें 42.6 लाख महिलाएं हैं। यहां पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 3.71 लाख है। जबकि, कुल मिलाकर 20.7 लाख युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है।

### लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लद्दाख में पांच नए जिलों के निर्माण पर लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ज़ांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग के नए जिलों पर अब अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाएगा, जिससे सेवाओं एवं अवसरों को लोगों के और भी करीब लाया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की एक्स पर एक पोस्ट को साझा करते हुए लिखा: "लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है। ज़ांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग पर अब अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाएगा, जिससे सेवाओं एवं अवसरों को लोगों के और भी करीब लाया जा सकेगा। वहां के लोगों को बधाई।"

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर देश भर में उत्साह, रंग-बिरंगे फूलों से सजाए मंदिर

**नई दिल्ली । आरएनएस**



देश भर के मंदिरों में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर लोगों में उत्साह है। दिल्ली-एनसीआर के अलावा, करनाल, वाराणसी और अमेठी में सुबह से ही मंदिरों को सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया। रंग-बिरंगे फूलों से मंदिरों को सजाया गया है। इस दौरान कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। गौरतलब है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। हर साल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर देश भर में भव्य आयोजन किए जाते हैं।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी काशी में विश्वनाथ मंदिर से लेकर इस्कॉन मंदिर तक धूम है। यहां सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। इस दौरान 251 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

अमेठी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों को सजाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। मंदिर प्रशासन से जुड़े आनंद कुमार ने बताया कि मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। सजावट में एलईडी लाइटों का इस्तेमाल किया गया है। रात के वक्त भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

हरियाणा के करनाल स्थित हनुमान मंदिर में में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारी की गई है। मंदिर को खूबसूरत ढंग से सजाया गया है। मंदिर के पुजारी सुरेंद्र ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए भव्य तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन व्रत करने का विशेष फल मिलता है। भगवान व्रतधारियों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। रात 12 बजे जब भगवान श्री कृष्ण का जन्म हो जाएगा, तब व्रतधारी व्रत खोल सकते हैं।

## रूस हमले में यूक्रेन के 4 लोगों की मौत, 37 घायल

**कीव**



रूसी सेना ने एक बार फिर यूक्रेन को निशाना बनाया है। रूस ने रविवार को उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन पर हमले किए हैं। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की सेना और स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

यूक्रेन की वायुसेना ने रविवार को मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर बताया कि रूस ने यूक्रेन के सीमावर्ती क्षेत्रों चेर्निहिव, सुमी, खार्किव और डोनेट्स्क में रात भर हमले किए।

स्थानीय अधिकारियों ने टेलीग्राम पर बताया कि सुमी के उत्तरी क्षेत्र पर मिसाइल से हमला किया गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। इनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं।

इसके अलावा खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव ने जानकारी देते हुए बताया कि रूसी हमलों में 13 लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक चार वर्षीय बच्चा भी है।

वहीं, खार्किव के मेयर इगोर तेरेखोव ने कहा कि रूसी हमलों के कारण शहर की एक गैस पाइपलाइन तबाह हो गई है। इसके अलावा 10 घरों को भी नुकसान पहुंचा है। इनमें से दो घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं।

यूक्रेनी वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने नौ हमलावर ड्रोन को लॉन्च किया था। इनमें से आठ ड्रोन को यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने मायकोलाइव क्षेत्र में मार गिराया गया है।

वायु सेना ने कहा, ज्यादातर मिसाइलें अपने लक्ष्यों तक नहीं पहुंच पाई, लेकिन रूस ने एक इस्केंडर-एम बैलिस्टिक मिसाइल, एक इस्केंडर-के क्रूज मिसाइल और छह गाइडेड एयर मिसाइल को लॉन्च किया था। हालांकि, यूक्रेन ने यह नहीं बताया है कि इनमें से कितनी मिसाइलों को मार गिराया है।

## युवक के पेट से निकला नेल कटर, चाकू, चाबी का छल्ला और बहुत कुछ

- **पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में कराया गया था, डॉक्टरों ने किया ऑपरेशन**

**चंपारण । आरएनएस**



बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में डॉक्टरों ने एक युवक के पेट से चाबी का छल्ला, एक चाकू और नेल कटर समेत धातु की कई वस्तुएं निकालीं. पूर्वी चंपारण के जिला मुख्यालय मोतिहारी स्थित एक निजी अस्पताल में 22 वर्षीय युवक को कुछ दिन पहले पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था.

एक्स-रे रिपोर्ट में पेट में धातु जैसी वस्तुएं दिखीं

युवक की सर्जरी करने वाले डॉक्टरों की टीम के प्रमुख डॉ. अमित कुमार ने पत्रकारों से कहा, मानसिक उपचार करा रहे युवक को कुछ दिन पहले उसके परिवार के सदस्य पेट में तेज दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल लेकर आए थे.... इसके बाद हमें उसकी एक्स-रे रिपोर्ट में उसके पेट में धातु जैसी वस्तुएं दिखीं जिसके बाद ऑपरेशन करने का फैसला किया गया. शुरुआत में हमने सर्जरी के बाद चाबी का छल्ला निकाला.

चाकू.. नेल कटर और बहुत कुछ

उन्होंने कहा कि इसके तुरंत बाद एक और सर्जरी करने का फैसला किया गया क्योंकि हमें एक और एक्स-रे रिपोर्ट में उसके पेट में धातु जैसी और वस्तुएं दिखीं. हमने उसके पेट से दो अलग-अलग चाबियां, एक चाकू (जो चार इंच का था) और दो नेल-कटर निकाले.

डॉक्टरों के लिए चौंकाने वाला केस

चिकित्सक ने कहा, यह हमारे लिए वाकई चौंकाने वाला था. जब हमने युवक से पूछा, तो उसने बताया कि उसने हाल ही में धातु की वस्तुएं निगलना शुरू कर दिया था. अब युवक ठीक है और उसकी हालत दिन-ब-दिन सुधर रही है. डॉक्टर ने कहा कि युवक को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, जिसके लिए वह दवाएं ले रहा है.

जोखिम भरी सर्जरी

उन्होंने कहा कि उसकी सर्जरी जोखिम भरी थी. आमतौर पर बच्चों में ऐसे मामले सामने आते हैं. डॉक्टर ने कहा कि मरीज को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी. युवक के परिवार के सदस्य इस बारे में टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सके.

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : भाजपा ने 44 उम्मीदवारों के नाम का किया ऐलान, पूर्व डिप्टी सीएम का टिकट कटा

**नई दिल्ली । आरएनएस**



जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा ने सोमवार को जारी किए गए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में प्रथम चरण में होने वाले चुनाव के लिए 15 सीटों पर, दूसरे चरण में चुनाव वाले 10 सीटों पर और तीसरे चरण में चुनाव वाले 19 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।

भाजपा ने पाम्पोर से इंजी.सैयद शौकत गयूर अंद्राबी, राजपोरा से अर्शीद भट्ट, शौपियां से जावेद अहमद कादरी, अनंतनाग पश्चिम से मोहम्मद रफीक वानी, अनंतनाग से अधिवक्ता सैयद वजाहत, किश्तवाड़ से शगुन परिहार,भदरवाह से दिलीप सिंह परिहार,डोडा से गजय सिंह राणा, रामबाण से राकेश ठाकुर,बनिहाल से सलीम भट्ट, हब्बाकदल से अशोक भट्ट और रियासी से कुलदीप राज दुबे को उम्मीदवार घोषित किया है।

पार्टी के अन्य उम्मीदवारों की बात करें तो, भाजपा ने श्री माता वैष्णो देवी विधानसभा सीट से रोहित दुबे,बुधल से चौधरी जुल्फीकर अली,मेंढर से मुर्तजा खान,नगरोटा से देविंदर सिंह राणा, जम्मू पश्चिम से अरविंद गुप्ता, जम्मू उत्तर से शाम लाल शर्मा, अखनूर से मोहन लाल भगत, छम्ब से राजीव शर्मा को मैदान में उतारा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रविवार को हुई भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई गई थी।

इस लिस्ट की खास बात ये है कि इसमें पूर्व डिप्टी सीएम और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निर्मल सिंह को टिकट नहीं मिला है। निर्मल सिंह ने 2014 में बिलावर विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता को भी टिकट नहीं मिला है। हालांकि, अटकलें हैं कि कविंद्र गुप्ता के नाम का ऐलान अगली लिस्ट में किया जा सकता हैय़ इस लिस्ट में प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष रवींद्र रैना के नाम का भी ऐलान नहीं किया गया है।

आपको बता दें कि जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा का चुनाव होना है। राज्य में पहले चरण के मतदान के तहत 18 सितंबर को 24 सीटों पर चुनाव होना है। वहीं दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को 26 सीटों पर और तीसरे चरण के तहत एक अक्टूबर को 40 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है।

## दक्षिण कोरिया में एमपॉक्स के 11 मामले आए सामने, नए वेरिएंट के नहीं मिले निशान

**सोल**

दक्षिण कोरिया में इस साल अब तक एमपॉक्स के ग्यारह मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, सभी मामले कम घातक क्लेड 2 वैरिएंट के थे। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने कहा कि पिछले महीने एमपॉक्स के कुछ नए केस सामने आए। एमपॉक्स के घातक वेरिएंट के रोकथाम के लिए बॉर्डर्स पर स्क्रीनिंग को मजबूत किया गया। दक्षिण कोरिया में पिछले साल 151 एमपॉक्स मामले सामने आए थे।

ग्रेटर सोल क्षेत्र में एमपॉक्स की चपेट में आए अधिकांश मरीज 20 से 40 वर्ष की आयु के पुरुष थे। बताया गया कि संक्रमित त्वचा के संपर्क में आने से संक्रमण का शिकार हुए। एजेंसी ने कहा कि सांस संबंधी बीमारियों के विपरीत, एमपॉक्स का रोजमर्रा की गतिविधियों के माध्यम से फैलना संभव नहीं है। एजेंसी ने जनता से अपील की है कि वह स्वच्छता बनाए रखें। केडीसीए ने कहा, एमपॉक्स एक ऐसी बीमारी है, जिसे रोका जा सकता है और इसका उपचार भी संभव है। हमारा मानना है कि बीमारी की कुछ जरूरी नियमों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर हम इस बीमारी से बच सकते हैं।

एजेंसी ने कहा कि सरकार एमपॉक्स के नए वेरिएंट को लेकर मॉनिटरिंग जारी रखेगी। इस महीने की शुरुआत में, केडीसीए ने एमपॉक्स को दोबारा संक्रामक रोग श्रेणी में डालने का फैसला किया। बता दें कि आठ अफ्रीकी देशों - रवांडा, बुरुंडी, युगांडा, इथियोपिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, केन्या, कांगो और कांगो गणराज्य - का दौरा करने वाले लोगों को रिपोर्ट करना आवश्यक है यदि उनमें एमपॉक्स से संबंधित लक्षण जैसे कि बुखार, मांसपेशियों में दर्द और सूजे हुए लिम्फ नोड्स दिखाई देते हैं।

## कोलकाता रेप-हत्या कांड: रेप करने से पहले मंगवाई गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें, आरोपी ने बताई पूरी कहानी

**नई । आरएनएस**




कोलकाता रेप-मर्डर कांड को लेकर देशभर में विरोध हो रहा है। वहीं इस मामले के मुख्य आरोपी संजय राय का पालीग्राफी टेस्ट किया गया, जिसमें उसने अपना गुनाह कबूल किया है। आरोपी ने रेप करने से पहले और बाद की सारी बात जाहिर की है।

एक निजी समाचार पत्र के मुताबिक पालीग्राफी टेस्ट में आरोपी ने कहा कि रेप करने से पहले वह रेड लाइट एरिया गया था। रास्ते में भी एक लडक़ी को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी थीं। आरोपी ने कहा कि उसने 8 अगस्त को अपने एक दोस्त के साथ शराब पी थी। इसके बाद वह रेड लाइट एरिया गया। रास्ते में उसने एक लडक़ी को मॉलेस्ट किया। इसके बाद संजय ने देर रात अपनी गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात की न्यूड तस्वीरें मांगीं। आरोपी ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे संजय हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल पहुंचा, जहां ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद वह सुबह अपने दोस्त के घर गया। उसका दोस्त कोलकाता पुलिस में ऑफिसर था। जय को घटना के अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था।

संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद आया है। 8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लडक़ी की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।

## कोलकाता रेप केस : कपड़े, अंडरगारमेंट्स औरज्मुख्य आरोपी की 9 चीजें मिली; सीबीआई के हाथ लगे 53 सबूत

**कोलकाता । आरएनएस**




कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। मामले की जांच कर रही सीबीआई के हाथ 53 अहम सबूत लगे हैं। इनमें मुख्य आरोपी संजय रॉय की 9 चीजें भी शामिल हैं। सीबीआई को अहम सबूत मिलने के बाद संजय रॉय की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

सीबीआई के हाथ जो सबूत लगे हैं, उनमें डिजिटल सबूत, सीसीटीवी फुटेज और फोरेंसिक रिपोर्ट अहम है। सीबीआई ने संजय रॉय के कपड़े, अंडरगारमेंट्स और सैंडल को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि इन चीजों को उसने वारदात के वक्त पहना था। सीबीआई को इसके अलावा मुख्य आरोपी की मोबाइल टावर लोकेशन भी मिली है, जिससे पता चलता है कि वह वारदात के वक्त वहीं पर मौजूद था। साथ ही उसकी बाइक और हेलमेट को भी सबूत के तौर पर जब्त किया गया है। इसके अलावा 40 और महत्वपूर्ण चीजें हैं जो राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने क्राइम सीन से इकट्ठा की थीं।

कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल में संजय रॉय का रविवार को पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया है। संजय इसी जेल में बंद है। वहीं कोलकाता में सीबीआई के दफ्तर में चार प्रशिक्षु डॉक्टरों और संजय राय के करीबी सिविक वॉलंटियरअनूप दत्त का भी पालीग्राफ टेस्ट किया गया, जबकि इससे पहले शनिवार को अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष समेत चार प्रशिक्षु डॉक्टरों का पालीग्राफ टेस्ट किया गया था।